कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक- 20.08.2024

विषयः- **सहायक पुलिस आयुक्त रोहनियाँ के नेतृत्व में थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम की त्वरित कार्यवाही से कुँए में गिरे व्यक्ति को सकुशल बाहर निकाला गया।**

आज दिनांक 20-8-2024 को समय करीब 19.13 बजे जरिए दूरभाष सूचना मिली कि चांदपुर हरिजन बस्ती में एक व्यक्ति कुएं में गिर गया है उक्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए सहायक पुलिस आयुक्त रोहनियाँ एवं थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर आसपास के लोगों की मदद से कुँए में गिरे व्यक्ति को सफलता पूर्वक सकुशल बाहर निकाला गया।

पूछताछ करने पर पता चला कि कुएं में गिरे व्यक्ति का नाम बृजेश कुमार पुत्र सुखलाल उम्र करीब 40 वर्ष निवासी सुंदरपुर वाराणसी है, जो अपनी रिश्तेदारी में जन्मदिन के मौके पर आये थे, कुँए की जगत पर बैठे हुए थे और तभी अचानक कुएँ में गिर गए थे। बृजेश कुमार उपरोक्त को प्राथमिक उपचार के लिए गंगा सेवा सदन हॉस्पिटल चांदपुर ले जाकर इलाज हेतु भर्ती कराया गया है।

पुलिस टीम में एसीपी रोहनियाँ श्री संजीव कुमार शर्मा, प्रभारी निरीक्षक श्री भरत उपाध्याय, उ0नि0 राहुल सिंह, हे0का0 सुरेश सरोज ,का0 राम आसरे, हे0का0 शशिकान्त यादव , हे0का0 सुनील कुमार राय, का0दुर्गेश मिश्र, चालक सचीन्द्र कुमार तथा स्थानीय लोगों में श्री अनुराग भारती पुत्र महेन्द्र प्रसाद निवासी महेशपुर मंडुवाडीह,श्री राकेश पटेल पुत्र कन्हैया लाल निवासी चांदपुर मंडुवाडीह,श्री विजय कन्नौजिया पुत्र स्व राम राज निवासी चांदपुर मंडुवाडीह की भूमिका सराहनीय रही।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।